दिल्ली परिसर पर हिंदी सप्ताह 2019

13-20 सितम्बर 2019

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार संस्थान में संघ की राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार को ध्यान में रखते हुए, 13-20 सितम्बर 2019 के दौरान “हिंदी सप्ताह” का आयोजन किया गया। संस्थान राजभाषा के कार्यान्वयन के प्रति पूर्ण रूप से जागरूक एवं कटिबद्ध है। हिंदी सप्ताह के दौरान “हिंदी निबंध लेखन”, “हिंदी श्रुतलेखन”, “वाद-विवाद” तथा “कथा-कहानी-कहो अपनी जुबानी” प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। संस्थान के अधिकारियों व कर्मचारियों ने इन प्रतियोगिताओं में अपनी सहभागिता दर्ज की व इस दौरान पूरी तरह हिंदीमय वातावरण रहा तथा संस्थान में राजभाषा के क्रियान्वयन को बल मिला। इसी क्रम में, दिनांक 25 सितम्बर 2019 को “हिंदी सप्ताह” के समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर, संस्थान के निदेशक प्रोफेसर मनोज पंत जी ने उक्त प्रतियोगिताओं के विजेताओं को बधाई दी और उन्हें नकद पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र व शील्ड प्रदान करते हुए प्रोत्साहित किया।

हिंदी सप्ताह की झलकियां